कार्यालय प्रथम अपीलीय अधिकारी, जिला कलक्टर, दौसा

श्री मनमोहन, एडवोकेट, चैम्बर नं0 जी–509, कडकडडूमा कोर्ट, दिल्ली–110032
बनाम

लोक सूचना अधिकारी, उपखंड अधिकारी रामगढ पचवारा/तहसीलदार राहुवास
जिला दौसा

अपील संख्या 35/2021

निर्णय

दिनांक 05.08.2021

संक्षिप्त विवरण अपील इस प्रकार है कि अपीलांट द्वारा लोक सूचना अधिकारी, उपखंड अधिकारी रामगढ पचवारा/तहसीलदार रामगढ पचवारा/ तहसीलदार राहुवास से सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत सूचना प्राप्त करने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर वांछित सूचना/नकल हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया। प्रार्थी को वांछित सूचना/नकल निर्धारित समयावधि में प्राप्त नहीं हुई। इससे व्यथित होकर यह अपील पेश की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई। लोक सूचना अधिकारी, उपखंड अधिकारी रामगढ पचवारा/तहसीलदार रामगढ पचवारा/ तहसीलदार राहुवास को प्राप्त पत्रों की छाया प्रति प्रेषित कर अपीलांट को वांछित नकल/सूचना उपलब्ध करवाई जाकर जांच टिप्पणी मंगवाई गई।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। पत्रावली के अवलोकन से प्रकट होता है कि अपीलांट द्वारा चाही गई सूचना लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार राहुवास से संबंधित है। लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार राहुवास दौसा जिला दौसा द्वारा पृष्ठांकन पत्र कमांकः भू0अ0/2021/1041–43 दिनांक 30.7.2021 द्वारा अवगत कराया है कि अपीलांट को दिनांक 22.2.2021 को ही सूचना की वस्तुस्थिति से अवगत करा दिया गया है। उक्त पत्रादि की प्रति पत्रावली में संलग्न है। इससे स्पष्ट होता है कि अपीलांट को सूचना की वस्तुस्थिति से अवगत करा दिया गया है। ऐसी स्थिति में अपील अपीलांट खारिज योग्य है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलांट खारिज की जाती है। संबंधित को निर्णय की प्रति प्रेषित की जावे। बाद पूर्ति पत्रावली प्रविष्ठ लेख भंडार हो।

(पीयुष समारिया)
जिला कलक्टर, दौसा
जिला कलक्टर, दौसा